हादसा | हनुमान मंदिर दर्शन को जा रहे थे दंपत्ति, पत्नी कार में फंसी, आज सुबह होगा पुन: रेस्क्यू

# बेकाबू कार सुनार नदी में गिरी, एक की मौत

**नवभारत, दमोह।** दमोह-छतरपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे हादसा हो गया.नरसिंहगढ़ में सुनार नदी के पुल से एक फोर व्हीलर अनियंत्रित होकर लगभग 60 फीट नीचे नदी में जा गिरी.

देहात थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा निवासी सुनील उर्फ अमित अहिरवार उम्र 25 अपनी पत्नी सपना के साथ अपनी क्विड कार से बकायन स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जा रहे थे. इसी दौरान नरसिंहगढ़ पुल पर उनकी कार बेकाबू होकर सीधे नदी के गहरे पानी में जा गिरी. हादसे की खबर मिलते ही नरसिंहगढ़ चैकी प्रभारी अभिषेक पटेल और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया. पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सुनील उर्फ अमित अहिरवार को सुरक्षित बाहर




निकाल लिया है और उन्हें अस्पताल भेजा गया है.कार में उनकी पत्नी सपना भी सवार थीं, जिनकी नदी में तलाश की जा रही है.मौके पर क्रेन बुलाई गई है.बताया गया है कि सुनील की दो बेटियां हैं, जो उस वक्त अपनी दादी के पास थीं.

### मौके पर बचाव कार्य जारी

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है.रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व टीम प्रभारी प्राची दुबे कर रही हैं.मौके पर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, बटियागढ़ टीआई रजनी शुक्ला और देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा भी पुलिस बल के साथ मौजूद थे.नदी में पानी गहरा होने के कारण बचाव दल को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.एसडीआरएफ टीम प्रभारी प्राची दुबे ने बताया की करीब 30 फीट गहराई में कार मिल गई है.कार में हुक फसाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कांच बंद होने के चलते हुक नहीं फंस रहा.टीम के द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि जल्द ही कार को बाहर निकाल लिया जाए.महिला भी उसी के अंदर होने की संभावना जताई जा रही है.रात हो जाने के कारण सुबह जल्द ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू होगा.

# तीन माह से नहीं मिला वेतन, तंगी में जीने विवश

▸ परेशान जनपद कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, तेंदूखेड़ा.** विगत तीन माह से जनपद कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से परेशान हो कर जनपद कर्मियों ने जनपद सीईओ मनीष बागरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर तीन माह का वेतन दिलाने की मांग की है चुकी तीन माह से वेतन न मिलने से कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है न तो किराना सामग्री किराना दुकान दार दे रहे न बिजली बिल भर पा रहे न ही बच्चों की स्कूल की फीस दे पा रहे है साथ ही अन्य आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे है.इस संबंध में जनपद के कर्मियों आकाश साहू, लिपिक घनश्याम अहिरवार, कुंजबिहारी नामदेव, शिवंनदन अहिरवार, आरके चैहान सहित अन्य कर्मियों ने बताया कि पहले तो एक वर्ष से नियमित रूप से हर माह वेतन न मिलने से परेशान थे.परंतु अब तो तीन माह से वेतन नहीं मिला.

इससे हमारे घर के हालात बद से बदतर हो गये है.चूंकि किराना दुकानदार अब उधारी सामान देने से मना करने लगे है.बिलजी बिल नहीं भर पा रहा,स्कूल वाले परीक्षाओ का समय होने से बच्चों की फीस मांग रहे है.इसी के साथ अन्य आर्थिक समस्या गंभीर रूप खड़ी हो गई है. इसलिए स्थानीय मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पंचायत मंत्री प्रह्लाद पटेल को भी मेल किया है.मंगलवार को सीईओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर तीन माह का वेतन शीघ्र दिलाने की मांग की है.अगर इस माह वेतन नहीं मिला तो हम जनपद कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होगे. ज्ञापन सौंपने वालों में आकाश साहू, घनश्याम अहिरवार, कुंजबिहारी नामदेव, आरएस चौहान शिवंनदन अहिरवार मनोज सिंग सहित जनपद के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

**इनका कहना है**

जनपद कर्मियो को तीन माह से वेतन नहीं मिला है जिस से वह आर्थिक रूप से परेशान है इसलिए आज मुझे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर वेतन दिलाने की मांग की है.

**मनीष बागरी जनपद सीईओ तेंदूखेड़ा**

## एक नजर में




### पुलिस पेंशनर्स संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, दमोह.** मंगलवार को मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह द्वारा प्रांतीय आव्हान पर प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह परिहार के निर्देशन में पेंशनर्स का 83 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने व पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री मप्र भोपाल के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर दमोह को सौंपा गया.कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष धनसिंह राजपूत संरक्षक राजकिशोर सेन,भल्ला प्रसाद दुबे, महेश मिश्रा, पुरुषोत्तम तिवारी, रामकिशोर पांडे,रमेश कुमार तिवारी,हाजी हमीद खान सहित 30 सदस्य उपस्थित रहे.कार्यक्रम शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ.



### ज्ञान गंगा स्कूल के छात्रों ने कलेक्टर से की भेंट

**नवभारत,दमोह।** ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बांदकपुर के विद्यार्थियों ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से सौजन्य भेंट कर विद्यालय की ओर से शैक्षणिक सामग्री भेंट की। बच्चों ने कहा कि कलेक्टर सर हमारे जिले के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, जिससे हम प्रेरित हो रहे हैं आज उनका मार्गदर्शन मिला।इस दौरान विद्यालय प्राचार्य अंशु दुबे,संचालक विनीता दुबे व समाजसेवी कृष्णा पटैल नेदेव श्री जागेश्वरनाथ जी महादेव का चित्र भेंट किया।



### अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग

**नवभारत,दमोह।** शिवपुरी में हुई अधिवक्ता संजय सक्सेना की निर्मम हत्या के विरोध में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद् के आव्हान पर जिला अधिवक्ता संघ दमोह के समस्त अधिवक्तागण कार्य से विरत रहे व प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की।


### हटा-बटियागढ़ क्षेत्र में औषधि निरीक्षक की कार्रवाई

**नवभारत, हटा।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर निर्देश पर औषधि



निरीक्षक महिमा जैन द्वारा हटा, बटियागढ़ ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बालाजी मेडिकल,पाठक मेडिकल व खुशी मेडिकल मगरोंन,रजपुरा स्थित संजीवनी मेडिकल व कुंदन मेडिकल, सादपुर में डिम्हा मेडिकल बंद पाया गया व तिवारी मेडिकल की जांच की गई, जांच के दौरान कोडीनयुक्त सिरप भी कुछ मेडिकल स्टोर्स पर पाए गए जिनका क्रय विक्रय देखा गया।उन्होने बताया शेड्यूल एच1,नार कोटिक्स दवाइयों के क्रय-विक्रय की जांच की गई व अबॉर्शन किट की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रजपुरा ग्राम से 4 दवाइयों के नमूने जांच हेतु लिएगए। समयावधि मे कार्यालय दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

### जनसुनवाई में 206 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दमोह।** कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 206 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा,अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 16 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।



## जिला स्तरीय गैसाबाद प्रीमियर लीग शुरु

**नवभारत, गैसाबाद.** जेएसडब्ल्यू सीमेंट स्टेडियम, गैसाबाद में जिला स्तरीय गैसाबाद प्रीमियर लीग (जीपीएल) सीजन-4 का शानदार शुभारंभ रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ. उद्घाटन मैच में लक्ष्मण 11 और पन्ना 11 आमने-सामने रहीं, जहां लक्ष्मण 11 ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 9.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की.

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पन्ना 11 टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए निर्धारित ओवरों में 177 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लक्ष्मण 11 टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बना ली और तेज रनगति के साथ मुकाबले को एकतरफा बनाते हुए 9.4 ओवर में जीत हासिल कर ली.मैच के हीरो नवनीत रहे, जिन्होंने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 75 रन बनाए और गेंदबाजी में 2 महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया.मैच का शुभारंभ जेएसडब्ल्यू के प्रोजेक्ट हेड देवेंद्र शर्मा द्वारा टॉस उछालकर किया गया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि बहादुर श्रीवास्तव, जुगल किशोर पटेल, थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, जेएसडब्ल्यू के डिप्टी मैनेजर राहुल वर्मा, अमित कुमार व श्यामसुंदर रावत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. आयोजन समिति से रणधीर दाहिया, गोपाल पटेल, लक्ष्मण तिवारी, मुकेश पटेल सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही. आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट की विजेता टीम को 2 लाख रुपये एवं उपविजेता टीम को 1 लाख रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा. टूर्नामेंट का अगला मुकाबला एमपी11 और हिंडोरिया टीम के बीच खेला जाएगा,जिसे लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है.



## आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, दमोह.** जिले के समस्त पत्रकारों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर 11 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकारों के साथ हुई अभद्रता व मारपीट की घटना में फरार चल रहे मुख्य आरोपी महेंद्र सिंह लोधी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. ज्ञापन में बताया गया कि उक्त घटना के संबंध में कोतवाली थाना में प्रकरण दर्ज है,लेकिन आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है. आरोप फरार रहने के बावजूद वह सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार भड़काऊ,जातिगत वैमनस्यता फैलाने वाली व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली पोस्ट साझा कर रहा है.जिससे जिले की शांति व्यवस्था पर खतरा उत्पन्न हो रहा है.पत्रकारों ने कहा कि घटना के बाद भी आरोपी का खुलेआम सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना पत्रकार समुदाय में असुरक्षा और रोष की भावना पैदा कर रहा है.

# पुलिस ने चोर से सात साइकिल की बरामद

**नवभारत, दमोह.** कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की विभिन्न कंपनी की 7 साईकिले कीमती 70 हजार रूपये की बरामद करने में सफलता हासिल की है.पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जो उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह व नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में दमोह कोतवाली पुलिस को 17 फरवरी 26 को मुखबिर से प्राप्त सूचना हुई थी,कि टैल खजरी मोहल्ला में आशीष पटैल चोरी की साईकिले रखे हुए है, जो कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर संतोषी माता मंदिर खजरी मोहल्ला से आशीष पटैल के घर से 7 साईकिले कुल कीमती करीबन 70 हजार रूपये की बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया.

थाना कोतवाली में शु.न. 01-26 धारा 35 (1) ई बीएनएसएस 303(2) बीएनएस का कायम किया गया, आरोपी आशीष पटैल द्वारा उक्त साईकिले शहर से बच्चो के आने जाने वाले सार्वजनिक स्थानो से चोरी करना बताया.



गिरफ्तार आरोपी आशीष पिता देवेन्द्र पटैल उम्र 24 साल निवासी खजरी मुहल्ला दमोह से हीरो कपन्नी की गियर वाली काले रंग की साईकिल फ्रेम नबर एम3के 274064, स्ट्राइडर कम्पनी की गियर वाली साईकिल फ्रेम नंबर 08 एफ2518414, हरकूलस कम्पनी की बिना गेर वाली काले रंग की साईकिल जिसमें फ्रेन नंबर नहीं है, रोडियस कम्पनी की बिना गियर वाली काले रंग की साईकिल जिसका फ्रेम नंबर 0 एसके1सी 93373 स्टारबाइट कम्पनी की हरे रंग की बिना गेर वाली साईकिल जिसका फ्रेम नंबर ई 006844 कीमती, अर्बन टेरेंनी सफेद रंग बिना गेर वाली साईकिल जिसका फ्रेम नंबर जीडीई22177,लोटस कम्पनी की काले रंग की बिना गेर वाली साईकिल जिसका फ्रेम नंबर ऐ1सी415131 बरामद की है.सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, प्रआर. अभिषेक चैबे, प्रआर देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर महेश यादव,प्र.आर. अजीत दुबे, प्र.आर.कलीम खान,आर.नरेन्द्र पटैरिया, ब्रजेन्द्र मिश्रा, आकाश पाठक रहा.

# बच्चों की समस्याओं को दूर करेगी पुलिस की हौसला पेटी

▸ शासकीय और निजी स्कूलों में शुरू की जा रही नई पहल

**नवभारत, दमोह।** पुलिस के द्वारा शहर के सभी शासकीय और निजी स्कूलों में हौसला पेटी लगवाई जा रही है. ताकि स्कूली बच्चों को कोई भी समस्या है तो वह अपनी शिकायत इस पेटी में लिखकर डाल सकते हैं. मंगलवार दोपहर एसपी कार्यालय में इन सभी पेटियों को रखा गया और एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे और टीआई कोतवाली मनीष कुमार की मौजूदगी में अब स्कूलों में इन पेटियों को लगाने के लिए भेजा जा रहा है.




एसपी सोमवंशी ने बताया कि पहले चरण में 30 पेटियां लगाने का लक्ष्य हमने तैयार किया है.जिसमें 20 पेटियां तैयार हो गई है,उसके अनुभव के आधार पर और सुधार करके अन्य सब डिवीजन में भी यह पेटियां लगवाई जाएगी. एक महीने इसकी मॉनिटरिंग होगी. हम देखें की कितनी शिकायत है हमें प्राप्त हो रही है और कितने बच्चे हमसे बात करना चाह रहे हैं.उन्होंने बताया पिछले कुछ समय से कुछ स्कूलों में बच्चों के साथ कुछ घटनाक्रम सामने आए थे.साथ ही उनकी शिकायतें भी प्राप्त हो रही थी. जिसमें हमने यह समझा कि कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों में कम्युनिकेशन गैप है.चाहे वह माता-पिता को लेकर हो या स्कूल को लेकर हो.इसलिए एक नया नवाचार करते हुए हमने हौसला पेटी के नाम से नई पहल की है.ताकि बच्चों के बीच इस कम्युनिकेशन को कम किया जा सके. दमोह सीएसपी एचआर पांडे और कोतवाली टीआई मनीष कुमार के द्वारा इस पहल को शुरू करने की बात की गई. एसपी ने बताया कि हमारा प्रयास है कि बच्चे अपनी शिकायत इस पेटी में लिखकर डालें. किसी बच्चे के मन में कोई बात है वह हमसे बात करना चाह रहा है अपने जीवन की किसी परेशानी को बताना चाह रहा है तो वह लिखकर जरूर बताए.उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा. शहर के सभी शासकीय और निजी स्कूल जो कक्षा 9 से 12 तक संचालित होते हैं यहां इन हौसला पेटियों को लगवाने का काम शुरू किया गया है.इसके पहले दो हौसला पेटी निजी स्कूलों में लगाई जा चुकी है.

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**नवभारत, दमोह.** सड़क दुर्घटना में मदन पिता शिव प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 62 वर्ष बजरिया वार्ड नंबर 6सिटी कोतवाली दमोह की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई.वहीं शुभम पिता गंगाराम खरे उम्र 21 वर्ष निवासी रसोईया पटना थाना कुम्हारी की अज्ञात कारण से मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.

### नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

**नवभारत, दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीशञ्चअध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक,सिविल,चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ ही बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल.की बकाया वसूली, विद्युत व नगर पालिका से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा, नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु विद्युत विभाग के द्वारा छूट प्रदान किये जाने के आदेश जारी किये गये हैं।

घटना | खेत में सो रहा था मनीष, छोटे भाई को लगी जानकारी तो लाया गया जिला अस्पताल

# किसान के हाथ पैर बांधकर भागे बदमाश



**नवभारत, दमोह।** जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के बरोदाकला गांव में सोमवार रात खेत में सो रहे एक किसान को अज्ञात बदमाश हाथ पैर बांधकर छोड़कर भाग गए.

मंगलवार सुबह जब किसान का भाई खेत पहुंचा तब उसे घटना की जानकारी लगी. उसने भाई की रस्सी खोली और परिजनों को सूचना दी. हालत गंभीर होने पर दोपहर में किसान को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है.

घटना की जानकारी देते हुए किसान भूपेंद्र राठौर के बड़े भाई मनीष राठौर ने बताया उनका भाई बरोदा गांव में रहकर खेती करता है. सोमवार रात वह फसल की रखवाली करने खेत में सो रहा था. रात करीब 12 बजे कोई उसके भाई के हांथ, पैर और मुंह बांधकर खेत में छोड़कर भाग गया. सुबह उसके चाचा का लड़का खेत गया था,जहाँ मनीष उल्टा पड़ा था और उसके हाथ मुंह और पैर बंधे थे। वह हटा में था.उसे सूचना मिली तो वह घर पहुंचा और तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा है.घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है. उसके भाई को किसने बांधा यह भाई ही बता पाएगा जो बोलने की हालत में नहीं है.पुलिस ने मामले को जांच में लिया है.

### डंडे से हमला कर किया लहूलुहान



दमोह। डंडों से हमला होने पर जितेंद्र कुर्मी खजरी दमोह देहात युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में आकाश गौतम आरक्षक द्वारा भर्ती किया गया है, जिसका उपचार जारी है.

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

मैं, अनिल कुमार पिता रतनचंद निवासी ग्राम हरदुआ सड़क तहसील जबेरा जिला दमोह शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि :-
1. यह कि मैं आर्मी नं 1057710M रैंक DFR से वर्ष 1996 से रिटायर्ड सेवानिवृत्त कर्मचारी हूं।
2. यह कि मेरे विभागीय रिकार्ड में मेरी पत्नि का नाम कुसुम (KUSUM) दर्ज है किन्तु मेरी पत्नि के आधारकार्ड में नाम कुशुमबाई (KUSHUMBAI) दर्ज है जो मेरे विभागीय रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
3. यह कि मेरी पत्नि की जन्म तारीख रिकार्ड में 01/07/1960 दर्ज है जबकि आधारकार्ड से जन्म तारीख 01/01/1971 दर्ज है जो संशोधित की जाकर मेरे विभागीय रिकार्ड में आधारकार्ड अनुसार जन्म तारीख दर्ज की जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता आयूषी कटकवार उम्र 31 वर्ष, पति अनुज कटकवार निवासी पिपरिया जिला नर्मदापुरम् तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम् शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ :- 1. यह कि मेरा जन्म दमोह म.प्र. में दिनांक 13/10/1994 को हुआ है मेरे पिता का नाम अनिल राय माता का नाम किरण राय है। 2. यह कि मेरी शिक्षा दीक्षा दमोह म.प्र. में ही हुई। वर्ष 6/2/2022 को मेरा विवाह पिपरिया जिला नर्मदापुरम् के अनुज कटकवार के साथ होने के कारण अब मेरा सरनेम कटकवार हो गया है। 3. यह कि मेरी शादी के पूर्व मेरा सरनेम राय था। अब शादी के बाद मेरा सरनेम कटकवार पढ़ा जावे। 4. यह कि अब मेरा नाम आयूषी कटकवार पढ़ा जावे।

शपथकर्ता